(ख) इंडियन नेशनल शिपआनर्स एसोसिएशन ने इस बारे में कुछ सुझाव दिया है।

(ग) नौवहन उद्योग को चालू कठिन परिस्थिति का सामना करने के लिए उन्हें आर्थिक सहायता देने के प्रस्ताव पर अन्य संबंधित मंत्रालयों के परामर्श से विचार किया जा रहा है।

गोरखपुर में कोच फैक्टरी की स्थापना

*442. **श्री कृष्ण चन्द्र पाण्डेय:** क्या रेल **मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश सरकार ने उनसे अनुरोध किया है कि मंत्रालय द्वारा स्थापित की जाने वाली प्रस्तावित कोच फैक्टरी को गोरखपुर में स्थापित किया जाये क्योंकि गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय है और स्वतंत्रता के बाद रेल विभाग ने पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्र में कोई भी कारखाना स्थापित नहीं किया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक ने भी प्रस्तावित कोच फैक्टरी को गोरखपुर में ही स्थापित करने का अनुरोध किया है ;

(ग) यदि हां, तो इस फैक्टरी को स्थापित करने का कार्य कब आरम्भ किया जायेगा ; और

(घ) यदि इस फैक्टरी को गोरखपुर में स्थापित करने का विचार नहीं है, तो उसके क्या कारण हैं और क्या तत्संबंधी पूर्ण ब्यौरा सभा पटल पर रखा जायेगा ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सी० के० जाफर शरीफ): (क) प्रस्तावित नये सवारी डिब्बा कारखाने को गोरखपुर में स्थापित करने के बारे में उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई और उद्योग मंत्री से एक पत्र प्राप्त हुआ था।

(ख) जी, नहीं।

(ग) "मैसर्स रेल इण्डिया टेक्निकल एण्ड इकानामिक सर्विसेज" को स्थान-निर्धारण सर्वेक्षण सहित विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने का काम सौंपा गया है। परियोजना रिपोर्ट की प्राप्ति और अध्ययन के बाद ही कारखाने के स्थान और स्थापना के बारे में निर्णय लिया जायेगा।

(घ) चूंकि अभी कारखाने के स्थान के बारे में निर्णय होना है, इसलिए प्रश्न नहीं उठता।

Use of Artificial Kidney in Deptt. of Nephrology, AIIMS

*443. DR. SARADISH ROY : Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state :

(a) how many times on an average each artificial kidney (i.e. C-DAK) is used in the Department of Nephrology, AIIMS ;

(b) can a Kidney be used eight times in each case as per orders of authorities ;

(c) if so, reasons why have Kidneys been discarded in a large number of cases after the third use ; and

(d) if not, the reasons for issuing orders mentioned in part (b) ?

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI B. SHANKARANAND) : (a) to (d). The Institute has reported that on an average each artificial kidney (Dialyzer) is used four times and the blood lines are used eight times. However, artificial kidneys are sometimes discarded after the third use if firm clots are found in the kidneys which cannot be cleared before re-use or if the efficiency of the kidneys goes down considerably on retesting after re-use.

शिक्षा नीति

*444. **श्री विजय कुमार यादव :** क्या शिक्षा **और संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश की शिक्षा नीति त्रुटिपूर्ण है जिससे देश के विकास पर प्रति-